Great National Achievement **Date- 04.05.2020**

कोविड-19 के कारण देश में लॉकडाउन के समय में आई.टी.एस. कॉलेज, मुरादनगर का योगदान उत्तम रहा

May 4, 2020 • Vijay Bhati

गाजियाबाद: कोरोना संक्रमण की बिगड़ती स्थिति और लॉकडाउन रहने की वजह से सभी विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर बड़े ही चिंतित थे।

विश्वविद्यालय द्वारा आनलाईन क्लासेज कराने की पहल में आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप ने 23 मार्च, 2020 से ही आॅनलाईन क्लासेज शुरू करा दी थी। जिसमें सभी विद्यार्थी बडे ही रूचि एवं उत्साह से आनलाईन क्लासेज एटेन्ड् कर रहे है।

अध्यापक छात्रों को आॅनलाईन क्लास टेस्ट एसाईनमेन्ट, वेबिनार आयोजित कर रहे है, जिससे घर पर रहकर छात्रों को पढ़ाई के स्तर को और श्रेष्टतम बना सकें।

आई0टी0एस0 ना सिर्फ अध्ययन के क्षेत्र मे बल्कि सामाजिक सेवा में भी अग्रणी है। आई0टी0एस0 प्रबन्धन द्वारा जरूरतमंदो को रोजाना निःशुल्क भोजन वितरण किया जाता है। रोजाना भिन्न-भिन्न प्रकार का शुद्ध भोजन बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में वितरित कराया जाता है।

यही नहीं जरूरत के अनुसार जरूरतमंदो को सूखा राशन भी वितरित किया जाता है। इस दुर्लभ समय में पुलिस और डॉक्टर अपने प्राणों की परवाह किये बगैर अपनी ड्यूटी निभा रहे है, ऐसे में आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0पी0 चड्ढा जी ने क्षेत्र के पुलिसकर्मियों के लिए सेनेटाईजर वितरित कराये थे।

आई0टी0एस0 कॉलेज समय-समय पर सरकार द्वारा दिशा निर्देशों का अनुसरण करता है, तथा छात्रों को भी प्रोत्साहित करता है। आई0टी0एस0 के शिक्षकों ने सभी छात्रों को भारत सरकार द्वारा बताएं गये आरोग्य सेतु ऐप को अपने मोबाईल मे डाउनलोड़ करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही उन्हें अपने अभिभावकों को भी यह ऐप डाउनलोड़ करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप पढ़ाई के स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ समाज को साफ एवं स्वस्थ्य रखने की गतिविधियों में अग्रणी पहल रखता है। ऐसे में आई0टी0एस0 के सूर्या अस्पताल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना संक्रमित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कोरनटाईन सेन्टर बनाया गया है। जिसमें मरीजों को दवाओं से लेकर खाने-पीने की समस्त चीजों का ध्यान रखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार, डॉक्टरों एवं पुलिस प्रशासन कोरोना को रोकने में अपनी पूरी ताकत के साथ संघर्ष कर रहे है। ऐसे मे उत्तर प्रदेश सचिव द्वारा आई0टी0एस0 के सूर्या अस्पताल का निरिक्षण किया गया कोरनटाईन किये गये मरीजों से भी पूछताछ की एवं डॉक्टरों मेडिकल स्टाफ की भी प्रशसा की।

आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के डेन्टल, बॉयोटेक्नोलॉजी, फिजियोथेरेपी एवं फार्मेसी विभाग के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों का बड़ा ही योगदान रहा है। जिसके अन्तर्गत सभी छात्रों क आॅनलाईन कोर्स स्मपूर्ण करा दिया गया और छात्र इस सेशन की परीक्षा देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। आई0टी0एस0 के सभी अध्यापक न केवल छात्रों को आनलाईन पढ़ा रहे ब्लकि खुद भी अपने-अपने शिक्षा के क्षेत्र में आनलाईन कोर्स कर रहें है।

लॉकडाउन के समय में भी आई0टी0एस0 मैनेजमेन्ट अपने सभी कर्मचारियों एवं छात्रों से सम्पर्क बनाये हुए है। समय-समय पर आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा तथा डायरेक्टर-पी0आर0 श्री सुरेन्द्र सूद सभी शिक्षकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस करके आने वाली किसी भी समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते है एवं उसका तुरन्त निराकरण कराते है।

आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0पी0 चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा जी ने बताया कि बी0डी0एस0 तथा एम0डी0एस0 में अभी तक आॅनलाईन थ्योरी क्लास - 327, एसाईनमेन्ट - 327, आॅनलाईन टेस्ट - 44, सेमिनार एवं जनरल क्लब - 252 एवं वेबिनार राष्ट्रीय तथा अंर्ताराष्ट्रीय - 11 हो चुके है। और बी0पी0टी एवं एम0पी0टी0 में आनलाईन क्लास - 700, एसाईनमेन्ट - 87, आनलाईन टेस्ट -40, वेबिनार - 01 हो चुके है। तथा बी0एस0सी0 एवं एम0एस0सी0 (बॉयोटेक्नोलॉजी) में आनलाईन क्लासेज - 522, आनलाईन टेस्ट - 84, एसाईनमेन्ट - 24, वेबिनार -03 हो चुके है। और इसके साथ ही बी0फार्मा, एम0फार्मा एवं डी0फार्मा में आनलाईन क्लासेज - 420, आनलाईन टेस्ट - 02, एसाईनमेन्ट - 03, वेबिनार - 01 पूर्ण हो चुकें है। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के जो भी मदद की अपेक्षा हमसे की गई है हम उसके पूरा करने के लिए हमेशा अग्रणी रहेंगे।

आई0टी0एस0 के कार्य कुशलता का पता इससे भी चलता है कि चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा सभी शिक्षण संस्थानों से पिछले तीन वर्षो का लेखा-जोखा शिक्षकों एवं छात्रों से संबंधित मांगा गया था। जिसके लिए विश्वविद्यालय ने 25 अप्रैल, 2020 तक का समय दिया था। आई0टी0एस0 ग्रुप के द्वारा दिये गये समय के अन्तराल में ही विश्वविद्यालय को सम्पूर्ण डेटा उपलब्ध करा दिया गया।